26/05/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि 1.4 अरब भारतीय एकजुट हैं और विकसित भारत के निर्माण के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। आत्मनिर्भरता पर जोर देते हुए श्री मोदी ने कहा कि समय की मांग है कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए जो कुछ भी आवश्यक है, वह देश में ही निर्मित होना चाहिए। श्री मोदी गुजरात के **दाहोद** में करीब 24,000 करोड़ रुपये की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखने और उद्‌घाटन करने के बाद बोल रहे थे।

Byte PM

ऑपरेशन सिंदूर पर बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई नहीं है, बल्कि भारतीय मूल्यों और भावनाओं की अभिव्यक्ति है। इस अवसर पर, श्री मोदी ने रेल और अन्य क्षेत्रों से संबंधित राज्य सरकार की विभिन्न विकास परियोजनाओं का भी शुभारंभ किया। 000000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अपने कार्यकाल के ग्यारह वर्ष पूरे कर लिए हैं। आज ही के दिन वर्ष 2014 में श्री मोदी ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। यह देश के आधुनिक राजनीतिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ था क्योंकि इसने भारत में गठबंधन की राजनीति के 30 वर्ष के युग को समाप्त कर दिया था और लोगों ने भारतीय जनता पार्टी को स्पष्ट और निर्णायक जनादेश दिया था।

000000000000000000000000

भारत ने आतंकवाद को समर्थन देने के लिए पाकिस्तान के निंदनीय इरादे को वैश्विक स्तर पर उजागर करना जारी रखा है। इसके लिए विभिन्न देशों का दौरा करने वाले बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों ने इस खतरे के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस के अपने नीति को दोहराया। जेडी (यू) सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने आज दक्षिण कोरिया के सोल में थिंक-टैंक के साथ बातचीत की और पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र करते हुए इस बात पर प्रकाश डाला कि पिछले 40 वर्षों से आतंकवाद को प्रायोजित करना पाकिस्तान की राजकीय नीति रही है।

0000000000000000000000000

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा है कि पाकिस्तान के शहरों और कस्बों से आतंकवादी संगठन खुलेआम अपनी गतिविधियां चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में आतंकवाद एक खुला कारोबार है, जिसे पाकिस्तानी सेना और सरकार द्वारा समर्थन, वित्त पोषण और इस्तेमाल किया जाता है। एक जर्मन अखबार को दिए इंटरव्यू में डॉ. जयशंकर ने कहा कि भारत ने आतंकवादियों को साफ संकेत दे दिया गया है कि, उन्हें आतंकवादी हमले करने की कीमत चुकानी होगी।

0000000000000000000000000

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने कहा कि सरकार एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम के माध्यम से कोविड की स्थिति पर नज़र रख रही है, जो देश भर में कोविड के मामलों पर नज़र रखता है। मीडिया से बात करते हुए डॉ. बहल ने कहा कि कोविड के बढ़ते मामलों के कारण अभी घबराने की कोई बात नहीं है। हालांकि, उन्होंने लोगों को सतर्क रहने का सुझाव दिया।

0000000000000000000000000

राज्य सरकार द्वारा गत 23-24 मई को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम, में आयोजित दो दिवसीय **राइजिंग नॉर्थईस्ट इन्वेस्टर्स समिट** 2025 के दौरान विभिन्न क्षेत्रों के 16 निवेशकों के साथ 6,000 करोड़ रुपये से अधिक के समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। दो दिवसीय निवेश शिखर सम्मेलन के दौरान उप मुख्यमंत्री चोउना मेन की उपस्थिति में राज्य सरकार के योजना और निवेश सचिव और निवेशकों के प्रतिनिधि के बीच समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए।

0000000000000000000000000

महिला एवं बाल विकास मंत्री दासंगलू पुल ने आज तेजू में प्रमुख सांस्कृतिक एवं प्रशासनिक स्थलों का दौरा किया, जिसमें जिला संग्रहालय, निर्माणाधीन सामुदायिक सम्मेलन केंद्र और सीडीपीओ के आवासीय क्वार्टर शामिल हैं। जिला संग्रहालय के दौरे के दौरान मंत्री को जिला अनुसंधान अधिकारी (डीआरओ) जे. रोंदो ने संग्रहालय की मौजूदा चुनौतियों और विकासात्मक जरूरतों के बारे में जानकारी दी।

0000000000000000000000000

एक अन्य कार्यक्रम के तहत महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कल नामसाई में आयोजित एक राज्य स्तरीय सेमिनार के दौरान महारानी अहिल्याबाई होल्कर को श्रद्धांजलि अर्पित की, उन्हें भारत की सबसे महान महिला नेताओं में से एक बताया, जिनका साहस, ज्ञान और सेवा का जीवन पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। मंत्री ने नामसाई में निर्माणाधीन **वात्सल्य सदन** का दौरा भी किया, जो ज़रूरतमंद बच्चों के लिए एक समर्पित आश्रय परियोजना है।

0000000000000000000000000

राज्य के सुदूर गांवों में स्वास्थ्य सेवा की पहुंच को आगे बढ़ाते हुए एनजीओ सियांग ट्रस्ट ने कल अपर सियांग जिले के जेरू गांव में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर में वरिष्ठ नागरिकों सहित कुल पचासी लोगों की जांच की गई।

000000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के **21** जिलों, तवांग, ईस्ट कामेंग, वेस्ट कामेंग, कुरुंग-कुमे, पके केसांग, पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी, सियांग, अपर सियांग, लोअर सियांग, ईस्ट सियांग, वेस्ट सियांग, लेपा रादा, दिबांग वैली, लोअर दिबांग वैली, अंजाव, लोहित, नामसाई, चांगलांग, तिराप और लोंगडिंग के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटो में अलग अलग स्थानों पर ग़रज के साथ बिजली गिरने और तेज बारिश होने की संभवना है।

000000000000000000000000